# मैहर में वीबी-जी-रामजी योजना का जिला स्तरीय कार्यक्रम हुआ

नवभारत न्यूज

**मैहर 3 जुलाई, शासन के निर्देशानुसार विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी-जी-रामजी) योजना के शुभारंभ कार्यक्रम मैहर जिले के जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत झंझवारी में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल ने की। इस मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षा विनोद लोधी, जनपद उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जयंती महेश तिवारी, सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह, जनपद पंचायत सीईओ अशोक कुमार तिवारी, सहायक यंत्री पारितोष सिंह, ब्लॉक समन्वयक मनरेगा पवन शुक्ला, उपयंत्री योगेंद्र सिंह परमार, दीपक बैश, दीपक मिश्रा तथा ग्राम पंचायत सरपंच रवीन्द्र मिश्रा उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जनपद पंचायत अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में हितग्राही एवं ग्रामीणजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने मनरेगा योजना से विकसित वीबी-जी-रामजी योजना की विशेषताओं एवं इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका सुदृढ़ करने की दिशा में सरकार के प्रयासों की जानकारी दी।

जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल ने योजना के लाभ, प्रावधान एवं हितग्राहियों के लिए उपलब्ध अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।








## नवागत सीएमओ से मिलकर नगर की विभिन्न समस्याओं से कराया अवगत

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 3 जुलाई,** नगर परिषद,रामपुर बघेलान में नवागत सीएमओ सुश्री पूजा द्विवेदी से वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ पहुंचकर नगर की विभिन्न समस्याओं जैसे शुद्ध एवं मीठे पेयजल वितरण व्यवस्था,प्रवेश कर वसूली,प्रकाश,स्वच्छता एवं प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराए जाने को लेकर चर्चा की। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सिंह ,जिला उपाध्यक्ष सज्जन सिंह तिवारी ,नगर अध्यक्ष नितिन सिंह , परीक्षित पाठक जी,नवदुर्गा गुप्ता ,मुन्ना पांडेय जी एवं गणपत सिंह उपस्थित रहे।

## कालिका पटेल ने दिया सांसद को जन्म दिन पर उपहार

नवभारत न्यूज

**रामनगर 3 जुलाी, श्री रामलला की तस्वीर भेंट कर, जन्म दिन की अर्पित की शुभकामनाये रामनगर - सतना संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद गणेश सिंह के जन्मदिन के सुअवसर पर, भाजपा कार्यकर्ताओ,एवम ईष्ट मित्रों ने मैहर स्थित आरती पैलेस पर सांसद गणेश सिंह का 63 वा जन्म दिन धूम धाम से केक काटकर मनाया.**

कार्यक्रम में समाजसेवी सांसद प्रतिनिधि कालिका प्रसाद पटेल ने जन्मोत्सव पर शाल श्री फल से अपने लोक प्रिय सांसद का सम्मान कर श्री रामलला की तस्वीर भेंट कर, जन्म दिवंस की हार्दिक मंगल शुभकामनाये अर्पित कर उनके दीर्घायु, स्वस्थ्य, खुशहाल एवम सफल जीवन की ईश्वर से प्रार्थना की, उक्त अवसर पर काफी संख्या में जिले भर के इष्ट मित्रो, प्रतिनिधियो, शुभचिंतकों की उपस्थिति ने आयोजन को सफल बनाया साथ ही लोगो द्वारा सोसल मीडिया के माध्यम से भी सांसद गणेश सिंह को जन्मदिवस की मंगलमय शुभकामनायें दी गई।




## जिला पंचायत सतना के सभागार में वीबी-जी-रामजी मिशन का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**सतना 3 जुलाई, जिला पंचायत सतना के सभागार में गुरुवार को विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी-जी-रामजी) के शुभारंभ एवं विकसित भारत 2047 विषयक जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चित्रकूट विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह परिहार ने की। कार्यक्रम में ग्रामीण रोजगार, आजीविका संवर्धन एवं विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन, आजीविका के अवसरों का विस्तार, जनभागीदारी तथा विभिन्न विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध ग्रामीण भारत के निर्माण हेतु समन्वित प्रयासों का संकल्प लिया।




### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति रमाकांत पायसी, ज्ञानेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह, श्रीमती आरती चौधरी, श्रीमती एकता सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, सीईओ जनपद पंचायत सोहावल प्रतिपाल बागरी, नागौद अशोक मिश्रा, उचेहरा ओ.पी. अस्थाना, रामपुर बाघेलान सुश्री रश्मि पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। योजना के शुभारंभ अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा व सुना गया।



## अवैध अतिक्रमण हटाकर कराई गई जल निकासी

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 3 जुलाई, जिले के मऊ तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत खण्डेहा के मजरा अर्जुनपुर में पिछले लगभग एक वर्ष से जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई थी। रास्ते पर हमेशा पानी भरा रहने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।**

ग्रामीणों का आरोप था कि कुछ दबंगों द्वारा नाला नहीं बनने दिया जा रहा था, जिससे पानी की निकासी बाधित थी। साथ ही सड़क के दोनों ओर अवैध अतिक्रमण भी किया गया था इस समस्या को लेकर गांव निवासी कंचन सिंह ने मऊ तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी राम ऋषि रमन को शिकायती पत्र सौंपा। शिकायत का तत्काल संज्ञान लेते हुए एसडीएम अधिकारियों और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद एसडीएम के निर्देश पर तत्काल जेसीबी मशीन मंगाकर सड़क पर भरे पानी की निकासी कराई गई। कई घंटे तक अभियान चलाकर जलभराव वाले स्थान की खुदाई कर नाला खोला गया और अवैध अतिक्रमण हटाया गया, जिससे रुका हुआ पानी पूरी तरह निकल गया। जल निकासी सुचारु होने से ग्रामीणों को राहत मिली और आवागमन की समस्या समाप्त हो गई। ग्राम प्रधान सुभाष सिंह ने बताया कि गांव लंबे समय से जलभराव की समस्या से जूझ रहा था। प्रशासन की पहल से न केवल पानी की निकासी हुई, बल्कि स्थायी समाधान की दिशा में भी कदम उठाते हुए नाले की खुदाई जेसीबी के माध्यम से कर दी गई है, मौके पर उपजिलाधिकारी ने जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव से भी दूरभाष पर वार्ता की। जिला पंचायत अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि ग्राम प्रधान द्वारा प्रस्ताव भेजे जाने पर जिला पंचायत की ओर से लगभग 600 मीटर लंबे नाले के निर्माण की कार्रवाई कराई जाएगी। इस कार्रवाई के बाद पूरे गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी राम ऋषि रमन और प्रशासन का आभार व्यक्त किया। अभियान के दौरान नायब तहसीलदार पारुल सिंह, नायब तहसीलदार अखिल कुमार पांडेय, पुलिस बल, ग्राम प्रधान सुभाष सिंह तथा शिकायतकर्ता सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहें।

## पहले इकलौता बेटा छिन गया फिर लकवे ने तोड़ दी जिंदगी

### अब पक्के घर की आस में टिकी हैं बूढ़ी आंखें

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 3 जुलाई,भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट से एक ऐसी मार्मिक कहानी सामने आई है जो हर संवेदनशील व्यक्ति को सोचने पर मजबूर कर देती है। नगर परिषद चित्रकूट के वार्ड क्रमांक 02 निवासी जुगनू यादव और उनकी पत्नी आज उम्र के अंतिम पड़ाव में दर्दए बेबसी और गरीबी के बीच जीवन बिताने को मजबूर हैंकभी इस परिवार में खुशियां थीं।**

परिवार में एक बेटा और एक बेटी थी लेकिन नियति ने ऐसा घाव दिया कि बचपन में ही इकलौते बेटे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बेटे के जाने के बाद पूरा परिवार गहरे सदमे में डूब गया। समय बीतने के साथ बेटी की शादी हो गईए लेकिन दुखों का सिलसिला यहीं नहीं थमाबेटे के गम से उबर भी नहीं पाए थे कि परिवार के मुखिया जुगनू यादव लकवा ;पैरालिसिसद्ध की गंभीर बीमारी की चपेट में आ गए। बीमारी के कारण वे पूरी तरह काम करने में असमर्थ हो गए। आज उनकी वृद्ध पत्नी ही उनका सहारा हैं और हर परिस्थिति में उनका साथ निभा रही हैं वहां का दृश्य बेहद हृदयविदारक था। जर्जर कच्चा मकान टूटी हुई दीवारें और अभावों के बीच गुजरता जीवन देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं सबसे बड़ा सवाल यह है कि आज भी इतना जरूरतमंद परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी महत्वपूर्ण योजना के लाभ से वंचित क्यों है। सरकार गरीबों को पक्का मकान देने की बात करती है लेकिन जुगनू यादव जैसे पात्र परिवार आज भी सुरक्षित छत की प्रतीक्षा कर रहे हैंआज जुगनू यादव और उनकी पत्नी की निगाहें प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव और जिला प्रशासन की ओर टिकी हैं। उनकी सिर्फ एक ही गुहार हैहमें भी हमारा अधिकार मिले हमें भी एक पक्का घर मिले ताकि जीवन के बचे हुए दिन सम्मान और सुरक्षा के साथ गुजार सकेंअब देखना होगा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस पीड़ित परिवार की सुध कब लेते हैं और कब जुगनू यादव के सिर पर भी एक सुरक्षित पक्की छत का सपना साकार होता है.



## अवैध खनन व परिवहन के चलते 11 वाहनों पर कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 3 जुलाई, जनपद जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में बीते की रात्रि में अवैध खनन/परिवहन व ओवरलोडिंग पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए राजस्व विभाग व खनन विभाग की टीम द्वारा छापेमारी की कार्यवाही की गयी।**

**पट्टाधारक के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के डीएम ने दिये निर्देश**

जांच के समय उपजिलाधिकारी कर्वी, खान अधिकारी चित्रकूट व खान निरीक्षक चित्रकूट उपस्थित रहे। खान अधिकारी रणवीर सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि जांच के दौरान उप खनिज ग्रेनाइट बोल्डर का अवैध परिवहन कर रहे एक वाहन तथा ग्रेनाइट गिट्टी का अवैध परिवहन कर रहे 10 वाहन अर्थात कुल 11 वाहनों को अवैध परिवहन करने के चलते पकड़कर थाना भरतकूप की अभिरक्षा में दिया गया है।

जिलाधिकारी द्वारा अवैध परिवहन में संलिप्त पट्टाधारक/स्टोर क्रशर स्वामी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किए जाने के लिए संबन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## अभिषेक सिंह चैहान जर्मनी में बने वैज्ञानिक

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट, 3 जुलाई । चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी के प्रधानाचार्य डॉक्टर रणवीर सिंह चैहान के सुपुत्र अभिषेक सिंह चैहान का जर्मनी की विश्व प्रसिद्ध केएलयू यूनिवर्सिटी में वैज्ञानिक के पद पर कैंपस सिलेक्शन हो जाने पर खुशी का माहौल है। विद्यालय के सभी शिक्षकों ने प्रधानाचार्य को इस उपलब्धि के लिए मिष्ठान खिलाकर बधाई दी।**

बता दें कि अभिषेक सिंह चैहान आईआईटी मुंबई से 2017 में इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने के बाद दिल्ली में सिविल की तैयारी कर रहे थे जब उन्हें इसमें सफलता नहीं मिली तो वह अपनी मुख्य इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आए और जीआरई की परीक्षा उत्तीर्ण कर जर्मनी में विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालय केएलयू में 2024 में प्रवेश लिया, 2 वर्ष बाद मास्टर ऑफ साइंस की डिग्री सर्वोच्च अंको से उत्तीर्ण किया तो अभिषेक सिंह चैहान का चयन केएलयू यूनिवर्सिटी में ही कैंपस सिलेक्शन हो जाने के फलस्वरुप 1 जुलाई को उन्होंने वैज्ञानिक के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के सभी शिक्षकों व कर्मचारियों ने प्रधानाचार्य डॉक्टर रणवीर सिंह चैहान को माला पहनाई मिष्ठान खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष कुंवर प्रताप सिंह, डॉ0 प्रदीप सिंह अमर सिह, ष्षक्ति प्रताप सिंह, विजय पाण्डेय, जयषंकर प्रसाद ओझा, वीरेन्द्रनाथ मिश्रा, ज्ञानेन्द्र चैधरी, ष्षंकर यादव, डॉ0 रमेष सिंह चंदेल आदि मौजूद रहे।




## अपर कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

नवभारत न्यूज

**सतना 03 जुलाई, कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुक्रवार को अपर कलेक्टर विकास सिंह की अध्यक्षता में अनुभाग एवं तहसीलों के पीठासीन अधिकारियों, रीडरों तथा संबंधित शाखाओं के कर्मचारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।**

बैठक में एसडीएम राहुल सिलाडिया, एल.आर. जांगड़े, सुभाष मिश्रा सहित जिले के तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विभिन्न राजस्व प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अपर कलेक्टर विकास सिंह ने लंबित मामलों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने न्यायालयीन प्रकरणों में समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करने, अभिलेखों का सुव्यवस्थित संधारण करने तथा प्रकरणों के निराकरण में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखने पर विशेष बल दिया। बैठक में राजस्व न्यायालयों के कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा सभी अधिकारियों से शासन के निर्देशों के अनुरूप प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया।




## सतना के रिटर्निंग अधिकारियों का दिल्ली में होगा प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**सतना 3 जुलाई, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश राज्य के रिटर्निंग अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।**

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी विकास सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार ट्रेनिंग कैलेण्डर 2026 के तहत यह प्रशिक्षण नई दिल्ली स्थित आईआईडीईएम में संपन्न होगा। प्रशिक्षण 5-5 दिवस की अवधि का होगा, जिसमें विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के अधिकारियों को अलग-अलग तिथियों में शामिल होना है। 64 नागौद विधानसभा का प्रशिक्षण 6 से 10 जुलाई, 61 चित्रकूट का 17 से 21 अगस्त, 62 रैगांव का 21 से 25 सितंबर, 63 सतना का 12 से 16 अक्टूबर तथा रामपुर बाघेलान का 2 से 6 नवंबर 2026 तक आयोजित किया जाएगा।

प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों के ठहरने एवं परिवहन की व्यवस्था मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली में की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं रिटर्निंग आफीसर को निर्देशित किया है कि आईआईडीईएम नई दिल्ली में आयोजित प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर प्रशिक्षण प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करे। इसी प्रकार जिला जनसम्पर्क अधिकारी एवं नोडल अधिकारी मीडिया का एक दिवसीय प्रशिक्षण 8 जुलाई को आईआईडीईएम द्वारका नई दिल्ली में आयोजित किया गया है।

### सतना व मैहर में ताईक्वांडो एवं फुटबॉल खिलाड़ियों का प्रतिभा चयन 7 को

म.प्र. राज्य खेल अकादमियों के खिलाडियों हेतु प्रतिभा चयन वर्ष 2026-27 कार्यक्रम के तहत ताईक्वांडो खेल अकादमी में प्रवेश हेतु 7 जुलाई 2026 को सतना एवं मैहर जिले के ताईक्वांडो एवं फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए प्रतिभा चयन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ताईक्वांडो चयन सतना के लिए मार्शल आर्ट एकेडमी सिविल लाइन में प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक होगा। इसी प्रकार भारत सरकार की खेलो इंडिया स्माल सेंटर योजनांतर्गत फुटबाल खिलाडियों के प्रवेश हेतु चयन कार्यक्रम मैहर फुटबॉल ग्राउंड में प्रातः 7 बजे से सायं 4 बजे तक किया जाएगा। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सतना/मैहर रितिका दुबे ने सतना एवं मैहर जिले के प्रतिभावान खिलाडियों को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

## रबी सीजन से पहले खेतों तक पहुंचेगा नर्मदा का पानी : गणेश

### रैगांव के किसानों से सांसद का वायदा,क्षत्रिय सभा की सामाजिक बैठक में सिंचाई, बिजली, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य के मुद्दे उठे

नवभारत न्यूज

**सतनार 3 जुलाई, रैगांव विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को क्षत्रिय सभा द्वारा आयोजित सामाजिक बैठक में क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर खुलकर चर्चा हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सतना सांसद एवं ओबीसी संसदीय समिति के अध्यक्ष गणेश सिंह शामिल हुए।**

बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों, युवाओं और ग्रामीणों ने सिंचाई, बिजली, सडक, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुडी समस्याएं सांसद के समक्ष रखीं तथा उनके शीघ्र निराकरण की मांग की। बैठक में सबसे प्रमुख मुद्दा बरगी परियोजना से किसानों को मिलने वाले सिंचाई जल का रहा। किसानों ने समय पर पानी उपलब्ध कराने की मांग उठाई। इस पर सांसद गणेश सिंह ने भरोसा दिलाया कि बरगी परियोजना की जिस टनल के कारण कार्य प्रभावित था, उसका निर्माण 15 जुलाई तक पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि टनल का कार्य पूर्ण होने के समय वह स्वयं मौके पर मौजूद रहेंगे ताकि काम की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित हो सके।

**गणेश सिंह ने कहा 'मैं गैर नहीं, आपका ही हूं-** अपने संबोधन में सांसद गणेश सिंह ने भावनात्मक अंदाज में कहा कि वह रैगांव क्षेत्र के लोगों से अलग नहीं हैं, बल्कि स्वयं को इसी परिवार का सदस्य मानते हैं। उन्होंने कहा मैं गैर नहीं, आपका ही हूं। मेरी हमेशा यही कोशिश रही है कि आपके मान-सम्मान और स्वाभिमान को कभी ठेस न पहुंचे।

भीड़ और व्यस्तताओं के बीच कभी कोई चूक हो सकती है, लेकिन मेरी भावना कभी किसी को दुख पहुंचाने की नहीं रहती।



### सड़कों की समस्या पर हुई बात

ग्रामीणों ने क्षेत्र की जर्जर सड?ों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। कोठी मार्ग सहित कोठी से सिंहपुर जाने वाली सडक तथा अन्य मार्गों के निर्माण और मरम्मत की मांग पर सांसद ने कहा कि वर्तमान में कई सड?ों का मेंटेनेंस कार्य चल रहा है। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से सभी प्रमुख सड?ों का नवीनीकरण कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र की आवागमन व्यवस्था बेहतर हो सके।

### अक्टूबर-नवंबर तक आपके खेत में नर्मदा का जल

सांसद ने रैगांव क्षेत्र के किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि रबी सीजन शुरू होने से पहले अक्टूबर-नवंबर तक नर्मदा का पानी उनके खेतों तक पहुंचाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बरगी परियोजना का सबसे अधिक लाभ रैगांव विधानसभा क्षेत्र के किसानों को मिलने वाला है और सरकार इस दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। बैठक में ग्रामीणों ने बिजली ट्रांसफार्मरों की खराब स्थिति और समय पर उनके नहीं बदलने की समस्या भी उठाई। इस पर सांसद ने कहा कि ट्रांसफार्मरों से जुड़ी समस्याओं का जल्द समाधान कराया जाएगा, जिससे किसानों और ग्रामीणों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिल सके।